

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे (JE, Group-D, TC, RPF)
BANK | SSC (CGL, 10+2, CPO-SI, MTS)
शिक्षक (I<sup></sup>st ग्रेड) | REET (I, II Level)

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

**15 October 2022**



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 15 अक्टूबर का इतिहास

- **1686 :** मुगल शासक औरंगजेब ने बीजापुर के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **1815 :** नेपोलियन बोनापार्ट हार के बाद निर्वासित जीवन व्यतीत करने सेंट हेलेना द्वीप पहुंचे।
- **1949 :** त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
- **1951 :** मिश्र की संसद ने स्वेज नहर समझौते को रद्द करने के फैसले पर मुहर लगाई।
- **1542 :** मुगल शासक अकबर का जन्म हुआ।

## 15 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय ओलंपिक संघ ने पुष्टि की कि 37वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन गोवा में किया जाएगा। गोवा की राज्य सरकार ने आईओए को अगले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी को लेकर अपनी सैद्धांतिक मंजूरी से अवगत करा दिया है। गोवा को 2008 में राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी सौंपी गई थी लेकिन विभिन्न कारणों से राज्य इनका आयोजन करने में असफल रहा। इस कारण आईओए को 36 राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी गुजरात को सौंपनी पड़ी जिसने कम अवधि में इनका आयोजन करने पर सहमति जताई थी।
- इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सितंबर 2022 के लिए ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स के विजेता खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने आईसीसी के मेंस और वुमेंस अवार्ड अपने नाम किए हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर वुमेंस कटेगरी में जबकि पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान मेंस कटेगरी में यह अवॉर्ड जीतने में कामयाब रहे हैं।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अनुसार चंद्रयान-2 ऑर्बिटर के एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर क्लास ने पहली बार चंद्रमा पर प्रचुर मात्रा में सोडियम की मैपिंग की है। जैसा कि चंद्रयान-1 के एक्स-रे फ्लोरेसेंस स्पेक्ट्रोमीटर ने एक्स-रे में अपनी विशेषता रेखा से सोडियम का पता लगाया, इससे चंद्रमा पर सोडियम की मात्रा की मैपिंग की संभावना खुल गई।
- वित्त मंत्रालय ने 14 राज्यों को 7183 करोड़ रूपये के राजस्व घाटा अनुदान की मासिक किस्त जारी की है। केंद्र सरकार संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत राज्यों को विचलन बाद राजस्व घाटा अनुदान प्रदान करती है। अनुच्छेद 275 संसद को इस बात का अधिकार प्रदान करता है कि वह ऐसे राज्यों को उपयुक्त सहायक अनुदान देने का उपबंध कर सकती है, जिन्हें संसद की दृष्टि में सहायता की आवश्यकता है। इन अनुदानों का उद्देश्य राज्यों को राज्य स्तरीय कल्याणकारी योजनाओं की लागत को पूरा करने या अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के स्तर में सुधार करने में सक्षम बनाना है।
- फुटबॉल की दुनिया में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। वे क्लब फुटबॉल में 700 गोल दागने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनके इस गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाइटेड ने मैच में जीत भी दर्ज की।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यू.यू. ललित ने जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ को अपना उत्तराधिकारी नामित किया है। इसके मुताबिक CJI यू.यू. ललित के बाद जस्टिस चंद्रचूड़ देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने अपने अनुशंसा पत्र की प्रति न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को सौंपी। भारत के मुख्य न्यायाधीश यू.यू.ललित ने अपनी सेवा निवृत्ति से पहले ही अपने उत्तराधिकारी को नामित किया है।
- विश्व बैंक की निजी क्षेत्र की निवेश शाखा अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम ने वैश्विक खाद्य संकट का जवाब देने के लिए निजी क्षेत्र की क्षमता को बढ़ावा देने और बढ़ते भोजन के जवाब में खाद्य उत्पादन में सहायता के लिए नई $ 6 बिलियन की फंडिंग सुविधा शुरू की है। असुरक्षा भूख और कुपोषण के बढ़ते स्तर को पहले से ही जलवायु परिवर्तन और तेजी से चरम मौसम की घटनाओ से बदस्तर बना दिया गया है जो फसल को नष्ट कर रहे हैं और पैदावार कम कर रहे है।
- उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने नई दिल्ली में कारोबारी सुगमता पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला के दौरान नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर ने मुख्य संबोधन दिया। उन्होंने वैश्विक सूचकांकों पर भारत के प्रदर्शन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत को एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में कारोबारी सुगमता अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक रूप में सामने आई है।
- प्रकाशित एक शोध के मुताबिक चंद्रयान-2 ऑर्बिटर पर एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर CLASS ने पहली बार चंद्रमा पर प्रचुर मात्रा में सोडियम की मैपिंग की है। यह शोध द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में प्रकाशित हुआ था।
- सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव का निधन हो गया है। वे 82 साल के थे।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व सफेद गन्ना/सफेद छड़ी दिवस (White Can Safety Day) प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 अक्टूबर (B) 16 अक्टूबर
(C) 17 अक्टूबर (D) 18 अक्टूबर

**(A)** नेत्रहीन लोगों के लिए सफेद बेंत के महत्व को पहचानने के लिए 15 अक्टूबर को विश्व सफेद गन्ना दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य समाज में नेत्रहीन लोगों की सक्रिय भागीदारी को पहचानना और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाना है। विश्व सफेद गन्ना दिवस पहली बार 1964 में संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति लिंडन बी जॉनसन द्वारा मनाया गया था।




**2. हाल ही में प्रदेश में मिलावट रोकने के लिए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान कब से कब तक चलाने की घोषणा की है ?**

(A) 12 से 20 अक्टूबर (B) 14 से 22 अक्टूबर
(C) 17 से 21 अक्टूबर (D) 17 से 24 अक्टूबर

**(C)** दूध, पनीर और मावा में मिलावट रोकने के लिए 17 से 21 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का संचालन जिला स्तरीय प्रबंधन समिति द्वारा किया जाएगा। अभियान की अवधि में मिलावट खोरों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही के लिए सूचना देने वालों को अनसेफ फूड प्रमाणन पर 51000 रूपये तथा सब स्टेण्डर्ड होने पर 5,000 रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।




**3. हाल ही में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार 2022 प्रदान किया जाएगा ?**

(A) बेन एस. बर्नानके (B) डगलस डब्ल्यू. डायमंड
(C) फिलिप एच. डायबविग (D) उपरोक्त सभी

**(D)** हाल ही में इस साल बने एस. बर्नानके, डगलस डब्ल्यू डायमंड और फिलिप एच. डायबविग को बैंकों और वित्तीय संकटों पर शोध के लिए अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। समिति ने कहा कि तीनों पुरस्कार विजेताओं ने विशेष रूप से वित्तीय संकट के दौरान अर्थव्यवस्था में बैंकों की भूमिका के बारे में हमारी समझ में काफी सुधार किया है।




**4. हाल ही में मेड-इन-इंडिया कैमरा ड्रोन किस भारतीय क्रिकेटर ने लॉन्च किया है ?**

(A) महेंद्र सिंह धोनी (B) विराट कोहली
(C) हार्दिक पांड्या (D) सुरेश रैना

**(A)** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मेड-इन-इंडिया कैमरा ड्रोन लॉन्च किया है। इसका नाम Droni रखा गया है। इसमें कई एडवांस फीचर्स दिए गए हैं। इसे Garuda Aerospace ने मैन्युफेक्चर किया है। कंपनी ने Droni लॉन्च के साथ कंज्यूमर ड्रोन मार्केट में कदम रख दिया है। कंपनी सोलर पैनल क्लीनिंग, खेत में पेस्टिसाइड स्प्रे करने, इंडस्ट्रियल पाइपलाइन का इंस्पेक्शन, मैपिंग, सर्वे, पब्लिक अनाउंसमेंट और डिलीवरी सर्विस के लिए ड्रोन सेवा उपलब्ध करवाएगी।




**5. हाल ही में गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स की नई ब्रांड एंबेसडर बनी ?**

(A) स्मृति मंधाना (B) कविता शर्मा
(C) मिताली राज (D) कियारा आडवाणी

**(A)** गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया। यह पहला मौका है जब कोई महिला क्रिकेटर ब्रांड का प्रचार करेगी। भारत की महिला उप-कप्तान मौजूदा पुरुष क्रिकेट के दिग्गज हार्दिक पांड्या और पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को कंपनी के राजदूत के रूप में शामिल करती है।



**6. Credit Guarantee Scheme for Startups से कौनसा केंद्रीय मंत्रालय जुड़ा है?**

(A) कपड़ा मंत्रालय (B) वित्त मंत्रालय

(C) रेल मंत्रालय (D) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

**(D)** Credit Guarantee Scheme for Startups से वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय जुड़ा है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, गैर-बैंकिंग, वित्तीय कंपनियों और भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड द्वारा पंजीकृत वैकल्पिक निवेश कोष (Alternative Investment Funds) द्वारा दिए गए ऋणों के लिए ऋण गारंटी प्रदान करना है।




**7. चालू वित्त वर्ष में अब तक सकल प्रत्यक्ष कर राजस्व में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है ?**

(A) 15% (B) 24%

(C) 32% (D) 40%

**(B)** कर विभाग के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में अब तक 24% की वृद्धि के साथ सकल प्रत्यक्ष कर राजस्व 8.98 लाख करोड़ रूपये तक पहुंच गया है। इसमें व्यक्तिगत आयकर में 32.3 प्रतिशत की वृद्धि और कॉर्पोरेट कर राजस्व में 16.73 प्रतिशत की वृद्धि शामिल है।




**8. भारतीय रक्षा क्षमताओं के संदर्भ में वीपन सिस्टम ब्रांच किससे संबंधित है ?**

(A) भारतीय सेना (B) भारतीय नौसेना

(C) भारतीय वायुसेना (D) भारतीय तट रक्षक

**(C)** हाल ही में केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना के लिए वीपन सिस्टम ब्रांच नामक एक नई शाखा के निर्माण को मंजूरी दी है। इस शाखा के निर्माण के लिए सभी हथियार प्रणाली ऑपरेटरों को एक इकाई के तहत एकीकृत करना होगा। यह शाखा सभी जमीन आधारित एवं विशेष एयरबोर्न हथियार प्रणालियों के सैन्य अभियान संबंधी नियंत्रण के लिए समर्पित होगी।



**9. हाल ही में किस खिलाड़ी को FIH प्लेयर ऑफ द ईयर 2022 चुना गया ?**

(A) मनीष गौतम (B) हरमनप्रीत सिंह

(C) कारन सिंह (D) मनीष शर्मा

**(B)** हॉकी में भारत के हरमनप्रीत सिंह को FIH मेंस प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया है। उन्होंने लगातार दूसरी बार यह उपलब्धि अपने नाम की है। 26 साल के हरमनप्रीत ऐसा करने वाले दुनिया के सिर्फ चौथे खिलाड़ी है। उनसे पहले पुरुषों में नीदरलैंड के तियून डी नूईयर, ऑस्ट्रेलिया के जेमी डवायर और बेल्जियम के आर्थर वान डोरेन ऐसा कर चुके हैं।



**10. भुवनेश्वरी मंदिर किस भारतीय राज्य में स्थित है ?**

(A) त्रिपुरा (B) ओडिशा

(C) पश्चिम बंगाल (D) छत्तीसगढ़

**(A)** भुवनेश्वरी मंदिर त्रिपुरा के उदयपुर नगर में गोमती नदी के किनारे स्थित है। यह मंदिर अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के नियंत्रण ओर पर्यवेक्षण में है। इस मंदिर का निर्माण महाराजा गोविंद माणिक्य ने कराया था। यह मंदिर रवींद्रनाथ टैगोर के प्रसिद्ध नाटकों में अमर है जिन्हें राजर्षि और विसर्जन के नाम से जाना जाता है।



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज